# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश विधानमंडल के कल से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पूर्व आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में श्री योगी ने कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। सत्र को लेकर जारी अधिसूचना के अनुसार यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन यानी कल औपचारिक काम के साथ अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि विधानसभा के पटल पर रखे जाएंगे। दूसरे दिन यानी 17 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाएगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे सरकार पारित कराएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक समाचार पत्र समूह की तरफ से आयोजित दिव्य महाकुम्भ–2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री योगी ने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि कल संसद में चर्चा संविधान पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। इन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। श्री योगी ने कहा कि संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति व ज्योतिर्लिंग रातों रात तो नहीं आई। उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली।

**********

इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में बेंगलुरू पुलिस ने आज जौनपुर निवासी अतुल की पत्नी को गुरुग्राम, उसकी मां तथा भाई को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने, कथित तौर पर उनके खिलाफ दर्ज मामलों को वापिस लेने के लिए 3 करोड़ रूपए मांगने और बेटे से मिलने के लिए 30 लाख रूपए की मांग रखने का मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को बेंगलुरू लाकर अदालत में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। अतुल को 9 दिसंबर को बेंगलुरू के उनके अपार्टमेंट में मृत पाया गया था। उन्होंने 40 पृष्ठ का सुसाइड नोट लिखा था और वीडियो बनाई थी। इसमें अतुल ने अपनी पत्नी और उसके परिवार वालों पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

**********

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान श्री पाठक ने अयोध्या एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि मिल्कीपुर में जब भी उपचुनाव होंगे, भाजपा की जीत सुनिश्चित है। मिल्कीपुर की जनता को डबल इंजन की सरकार की नीतियों पर पूर्ण भरोसा है। श्री पाठक ने अयोध्या एयरपोर्ट पर ही विभागीय अधिकारियों को महाकुंभ से लौटने वाले दर्शनार्थियों के साथ मकर संक्रांति और बसंत पंचमी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

**********

प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने आज वाराणसी में जीर्णोधार के बाद सहकारिता भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा है कि देश के गृहमंत्री अमित शाह के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में सहकारी क्षेत्र में भी धीरे–धीरे क्रांति आ रही है। सहकारिता के क्षेत्र में गुजरात मॉडल को अपनाते हुए उत्तर प्रदेश भी विभिन्न समितियां के माध्यम से किसानों सहित आम जनजीवन के लिए सुगम  हो रहा है।

**********

प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश चंद्र यादव आज जौनपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में चल रहे चार दिवसीय विराट किसान मेला कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि कृषि हमारे देश की संस्कृति एवं किसान राष्ट्र की आत्मा है। इसलिए देश के सम्पूर्ण विकास के लिए किसानों की आमदनी बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है।

**********

लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री योगी ने कहा कि 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के तत्कालीन अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है।

**********